**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 07.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता के माध्यम से छोटे किसानों को सशक्त बनाया है जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को खेती से संबंधित जोखिमों से सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से सिंचाई संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि दस हजार किसान उत्पादक संगठनों के निर्माण से छोटे किसानों की सामूहिक शक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सहकारिता और स्व सहायता समूहों को दी जा रही वित्तीय मदद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के डोरंडा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए हस्तकरघा क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि यह कला हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। राज्यपाल ने 'वोकल फॉर लोकल' और 'हैंडलूम फॉर होम' जैसे अभियानों को महत्वपूर्ण बताते हुए बुनकरों के सशक्तिकरण की दिशा में अपने प्रयासों को भी साझा किया।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने आज सुबह 750 करोड़ रूपये के जीएसटी घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केन्द्रीय जांच एजेंसी की टीम रांची और जमशेदपुर के नौ ठिकानों के अलावा कोलकाता और मुंबई में भी छापेमारी कर रही है। रांची में एक साथ 6 अलग–अलग ठिकानों पर यह छापेमारी हुई है।

*******************

उधर, जमशेदपुर में भी ईडी ने दबिश दी है। व्यवसायी ज्ञानचंद जयसवाल उर्फ बबलू जयसवाल के तीन ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हुई।

*******************

उधर, धनबाद के झरिया में कोयला व्यापारी अमित अग्रवाल के घर और दुकान पर ईडी की टीम ने आज सुबह छापेमारी की। जीएसटी चोरी और फर्जी लेनदेन मामले में रांची से आई तीन सदस्यीय टीम ने उनकी दुकान और फ्लैट में दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान दुकानकर्मियों से पूछताछ भी की गई ।

*******************

सरकार ने नागरिकों को **राष्ट्रीय ध्वज** के बारे जागरुकता बढ़ाने से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह प्रतियोगिता, मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है और नागरिक, **माय भारत पोर्टल** पर क्विज़ में भाग ले सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को एक ई–प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

*******************

केन्द्रीय कमिटी के आदिवासी छात्र एकता द्वारा आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित रीगल मैदान में किया जाएगा। एक संवाददाता सम्मेलन में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। कार्यक्रम में विभिन्न बुद्धिजीवी और छात्र सरना धर्म कोड, पेशा कानून, राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे।

*******************

रांची में संचालित कौशल विकास केंद्र में रांची जिले समेत अन्य जिलों की महिलाएं एवं युवतियां सिलाई और बुनाई का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा में आज भारी बारिश को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं धनबाद, बोकारो समेत 9 जिलों में भी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची में भी आज दोपहर बाद बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है।

******************